हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 38.1 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

13 पालनार में नौका विहार का शुभारंभ



14 पद नहीं, संगठन के प्रति समर्पण तय करता है नेतृत्व





## खबर संक्षेप

### नाटक दालिया का मंचन बस्तर आर्ट गैलरी में आज

**जगदलपुर।** कवि गुरु रवीन्द्रनाथ टैगारे की कहानी पर आधारित नाटक दालिया का मंचन कल 12 अप्रैल को बस्तर आर्ट गैलेरी में शाम 8 बजे से किया जाएगा। इस नाटक के लेखक हृषिकेश सुलभ हैं, वहीं निर्देशक जीएस मनमोहन हैं। नाटक दालिया के विभिन्न किरदारों में निर्मल सिंह राजपूत, गायत्री आचार्य, शिवप्रकाश सीजी, मनीष श्रीवास्तव, माही कश्यप, संतोष महंती, जी संभव, राम बघेल, प्रिंस व अंकित दुबे नजर आयेंगे। वहीं मंच परे प्रशांत दास, जी संध्या, जी अधिश्री, विश्वजीत भट्टाचार्य व विनेश की अहम भूमिका होगी।

### पीएम एप्रेंटिसशिप कैम्प होगा 15 को

**जगदलपुर।** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे से सायंकाल 5 बजे तक किया जाएगा। मेले में आईटीआई के समस्त व्यवसायों के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीयन व औद्योगिक प्रतिष्ठान का एस्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन संबधित भी किया जाएगा। इस अवसर पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों के संचालक एवं प्रबंधक को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है, ताकि अधिक से अधिक आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी रोजगार के अवसरों से लाभान्वित हो सके।

### उपभोक्ताओं के लिए मेला लगाया बीएसएनएल ने



**जगदलपुर।** बीएसएनएल माह अप्रैल को उपभोक्ता सेवा माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं से सीधे सम्पर्क एवं उपभोक्ताओं की शिकायत का त्वरित निदान, जैसे नेटवर्क की समस्या, बिलों में त्रुटि का निदान और साथ मे ही तुरंत नए 4 जी, 5 जी सिम तथा एफटीटीएच कनेक्शन आदि प्रदाय करना है। इसी तारतम्य में बस्तर द्वारा प्रधान महाप्रबंधक के निर्देश में जगदलपुर में सिटी कोतवाली के सामने, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं भानुप्रतापपुर में गुरूवार को बीएसएनएल मेगा मेला लगाया गया। मेला में नए सिम एफटीटीएच कनेक्शन दिए गए और उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया गया।

### ओड़िया नववर्ष उत्सव मनेगा पंचपथ चौक में 14 को

**जगदलपुर।** ओड़िया ब्राम्हण कल्याण संघ के तत्वावधान में 14 अप्रैल को भैरमदेव वार्ड के पंचपथ चौक में प्रातः 11.30 बजे पणा भोग एवं पणा वितरण किया जाएगा तथा शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उड़िया नववर्ष उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक किरण देव समेत चित्रकोट विधायक विनायक गोयल और महापौर संजय पाण्डे विशेष अतिथि के रूप में मौजूद होंगे।

### उत्कल समाज का चुनाव कल, दो पैनल में मुकाबला

**जगदलपुर।** उत्कल समाज का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। चुनाव को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है। चुनाव में दो पैनल एवं उपाध्यक्ष पद पर एक स्वतंत्र उम्मीदवार के माध्यम से प्रत्याशी मैदान में है। उत्कल एकता पैनल उगता सूरज एवं सामाजिक विकास पैनल घड़ी छाप के चुनाव चिन्ह के साथ प्रत्याशी घर-घर प्रचार कर रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए राजेश दास एवं शशिकांत आचार्य के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं सचिव पद के लिए सुमित महापात्र एवं सोमेश मिश्रा मैदान में हैं। बाकी अन्य पदों के लिए दो उपाध्यक्ष कार्यालय सचिव सांस्कृतिक संगठन सचिव सहित कुल सात पदों पर चुनाव किए जाएंगे।

# स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी बाइक एम्बुलेंस की ट्रॉली हटाकर कर रहे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के लगभग 143 गांव ऐसे हैं जहां जाने के लिए सड़क नहीं है, ग्रामीणों को जाने के लिए पगडंडी का सहारा है। इसमें से अलामपल्ली, नागारम, बड़ेगंगुलवा, गोगुंडा, बेदरे, राजपेंटा, तालमेटला, दुलेड़, चिकपल्ली, डुब्बामारका, कंसारम, गंगरेल, भंडारचालका, मोसलमाडमू, गट्टापाड़, तोलेवर्ती, भीमपुरम, तिम्मापुरम, नुलकातोंग, कोसमपाड़, पोलमपल्ली, जिनीलंका, दुब्बापाड़, जबेली केसलपाड़, उसकावाया आदि हैं, जहां अब तक सड़क का निर्माण नहीं है। इसके लिए शासन की ओर से बीमार ग्रामीणों के उपचार के लिए 10 मोटर बाइक एम्बुलेंस दी गई पर इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य कर्मी बाइक एम्बुलेंस का ट्रॉली हटाकर वाहन का उपयोग कर रहें। बाइक एम्बुलेंस वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए कारगर साबित हुई है। इसकी सफलता को देखकर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए मोटर बाइक एम्बुलेंस की सेवाओं का विस्तार किया है। इसके लिए शासन ने बस्तर संभाग के सातों जिलों में से सिर्फ सुकमा जिले को 10, नारायणपुर जिले को 4 एवं बीजापुर जिले को 2 मोटर बाइक एम्बुलेंस दिया गया है। वहीं दूसरी ओर ▶▶|शेष पेज 12 पर

अलग खबर

## बीजापुर में 2, सुकमा में 10 व नारायणपुर में 4 बाइक एम्बुलेंस मिली थी

### सीएमएचओ को दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि बस्तर संभाग के सातों जिलों के सीएमएचओ को निर्देश दिए कि महामारी की रोकथाम के लिए जिला, ब्लॉक, सेक्टर स्तर पर काम्बेट दल का गठन करें।



### संभाग के पहुंचविहीन 791 ग्राम

*बस्तर संभाग के बस्तर जिले में 51, कोंडागांव जिले में 14, नारायणपुर जिले में 212, कांकेर जिले में 161, दंतेवाड़ा जिले में 31, बीजापुर जिले में 179 एवं सुकमा जिले में 143 पहुंचविहीन गांव चिन्हित हैं। ऐसे गांवों में प्रत्येक वर्ष बारिश समय में सड़क नहीं होने से पहुंचना मुश्किल होता है। इसमें से लगभग 453 गांव समस्यामूलक बताए जा रहे हैं, जिसमें 13429 मितानिनों का उपयोग किया जाता है।*

# माओवादियों की जहां लगती थी जन अदालत, वहां अब लगी समाधान पेटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार का आयोजन बीजापुर के अंदरूनी और संवेदनशील क्षेत्रों में भी आयोजित हो रही है। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित बीजापुर जिले को उन अंदरुनी इलाकों में भी आयोजित हो रही है जहां कभी माओवादियों के आतंक का खौफ रहता था। उनके द्वारा जन अदालत लगाकर निर्दोष लोगों को प्रताड़ति किया जाता था। उन क्षेत्रों में अब विष्णु ▶▶|शेष पेज 12 पर



*बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीण दे रहे हैं आवेदन*



*सुशासन तिहार में लिए जा रहे आवेदन*

### अंदरुनी गांवों में दिखा असर

*जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा लोगों को सुशासन तिहार में शामिल होने तथा उनकी मागों तथा समस्याओं को निजात दिलाने व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर,कोण्डापल्ली, पामेड़, चुटवाही और गलगम, बीजापुर ब्लॉक के पालनार, कांवड़ गांव और मुतवेंडी सहित भैरमगढ़ ब्लॉक के गांव बांगोली, चिंगेर सहित बेचापाल जैसे जिले के चिन्हांकित कई अंदरुनी गांवों में सुशासन तिहार का असर देखने को मिल रहा है।*

### ग्रामीणों में दिख रहा उत्साह व उमंग

*मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सकारात्मक सोच और पहल से नियद नेल्लानार योजना के तहत इन गांवों को माओवाद के आतंक से मुक्त कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य बखूबी किया जा रहा है। कई दशकों से अंधेरे में डूबे इन गांवों के ग्रामीण आदिवासियों के लिए अब सुनहरे भविष्य का सूर्योदय होने से ग्रामीणों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है।*

# वाट्सअप सट्टा खिलाने के आरोप में एक गिरफ्तार

### 22300 रुपए नकद, 15 सट्टा पर्ची व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना पुलिस ने मोबाइल फोन में वाट्सअप के माध्यम से सट्टा खेलाने वाले युवक गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से नकदी रकम 22 हजार 300 रुपए, 15 नग सट्टा पर्ची तथा मोबाइल जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में मोबाइल फोन से व्हाट्सअप के माध्यम से सट्टा खेलाने वाले युवक को रंगे हाथ पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिला कि आकाश नगर निवासी गौरव तिवारी अपने घर के पास चर्च गली में मोबाइल फोन से व्हाट्सअप के माध्यम से सट्टा पट्टी लिखकर रुपए पैसों का दांव लगाकर सट्टा खेला रहा है। सूचना पर तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया। टीम द्वारा मौके में आरोपी गौरव तिवारी 40 वर्ष के कब्जे से एक 15 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 22 हजार 300 रूपए, मोबाइल फोन को आरोपी द्वारा घटना कारित करते पाए जाने से जब्त करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।



### कार्रवाई में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले निरीक्षक लीलाधर राठौर, उप निरीक्षक अरुण मरकाम, सहायक उप निरीक्षक दिनेश उसेंडी, सतीश श्रीवास्तव, गोदावरी सिन्हा, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, प्रकाश मनहर, सोनामनी मंडावी, पवन श्रीवास्तव, छगन डहरिया एवं आरक्षक होरी लाल आर्मो शामिल रहे।

# जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम हो रहा : विनायक

### तोकापाल मण्डल के ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तोकापाल मण्डल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पखनारचा, रानसरगीपाल, टाहकापाल तथा छापर भानपुरी -2 में आज सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ शीघ्र एवं सरलता से प्राप्त हो, इस उद्देश्य से विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन फार्म भी मौके पर ही भरवाए गए। सुशासन तिहार जनसेवा, पारदर्शिता और सहभागिता की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो ग्रामीण जनता को सरकार की योजनाओं से सीधे जोड़ने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। उनके ▶▶|शेष पेज 12 पर



# टेकरी वाले हनुमान मंदिर में जलेंगे जन्मोत्सव पर 11 हजार से अधिक दीप

**जगदलपुर।** टेकरी वाले हनुमान मंदिर में शनिवार से दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 12 अप्रैल को ब्रम्ह मुहूर्त में हनुमान का तीर्थ जल स्नान अभिषेक पूजन आरती होगा। तत्पश्चात 7:30 बजे हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बजरंग वंदना का पाठ करते हुए विधि विधान पूर्वक चोला अर्पण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 9 बजे से अखण्ड सुन्दर काण्ड का पाठ श्री टेकरीवाले हनुमान मंदिर रामायण मंडली तथा भक्तों द्वारा किया जाएगा जो अगले दिन रविवार को 11 बजे तक जारी रहेगा। पुजारी पंडित नारायण प्रसाद जोशी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन संध्याबेला में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा 11 हजार दीपक प्रज्जवल्लित कर हनुमान जी को अर्पण किया जाएगा। 13 अप्रैल दिन रविवार को सुन्दर काण्ड रामायण की समापन के पश्चात हवन आरती एवं महाभंडारा होगा।



# ओडिशा के चार वाहन चोर गिरफ्तार, 9 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी के आरोपियों की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कुछ संदेहियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी की 9 मोटरसाइकिल बरामद की गईं। यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है, जिसमें पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है सभी आरोपी ओडिशा के हैं।

पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को प्रार्थी गणेश पंडवानी निवासी ग्राम झरनीगुडा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपनी मोटर साइकिल को लेकर चोकावाड़ा मेला में गया था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने इस दौरान चार संदिग्धों को पकड़ा, जिसमें राजेश भतरा उर्फ राजू, अजय हरिजन, दिवाकर उर्फ दिवा भतरा, दिलीप हरिजन शामिल है। विगत दो वर्षों से राजेश भतरा उर्फ राजू की लीडरशिप में गैंग बनाकर आसपास के बाजार, मेले में मोटरसाइकिल चोरी करते थे। पुलिस ने इन सभी आरोपी को गिरफ्तार कर नौ मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिसका बाजार मूल्य हजारों रुपए बताया जा रहा है। साथ ही मास्टर चाबी को जब्त किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया।



### स्कूल फीस जमा नहीं कर सकने पर बच्चों को निकाल लिया

# 5 माह से वेतन नहीं मिलने से श्रमिक परिवारों में भुखमरी की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग सुकमा जिले के विद्युत कंपनी के उपकेन्द्र में कार्यरत विद्युत ठेका लगभग 35 श्रमिकों को 5 माह से नहीं मिला। क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता को भी जानकारी होने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहे है। वेतन नहीं मिलने के चलते श्रमिक के परिवार भूखे रहने की मजबूरी है। साथ ही अपने बच्चों को स्कूल की फीस नहीं दे पा रहे है, जिसके चलते पढाई बंद करा दी है।

■ वेतन मांग को लेकर अधीक्षण अभियंता को दिए ज्ञापन

इसके चलते शुक्रवार को जगदलपुर पहुंचकर वेतन की मांग को लेकर विद्युत कंपनी के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया। राजेन्द्र बघेल, गुड्डू राम कश्यप, अनंत राम बघेल, महादेव मोर्य ने बताया कि सुकमा जिले के 33, 11 केव्ही उपकेन्द्र में कार्यरत विद्युत ठेका श्रमिक एफओसी को विगत 5 माह नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी, फरवरी, मार्च से वेतन अप्राप्त हैं। इससे पूर्व नारायणी कम्पनी को ठेका दिया गया था। विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट के उपरान्त कम्पनी द्वारा वेतन भुगतान किया जा रहा था। वर्तमान में कम्पनी द्वारा लम्बे समय से कार्यरत कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया है। इसके चलते समस्त कर्मचारियों कि आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण परिवारिक शैक्षिण कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। श्रम नियमानुसार माह सामाप्ति के 7 दिवस के अन्दर भुगतान करने का प्रावधान है। मेहनतकश कर्मचारियों को 5 माह से बिना वेतन के कार्य में लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है। पावर कम्पनी प्राथमिक नियोक्त होने के नाते विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता से तत्काल वेतन भुगतान करने की मांग की।



### डीई को दे रहे निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने बताया कि सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दे रहे हैं कि श्रमिकों को समय पर वेतन दिलाएं। नहीं दिलाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# संभाग का पहला स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक निर्माण गया ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग का पहला स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक आड़ावाल से लगभग 7 किमी दूर सरगीपाल में निर्माण कार्य तय किया गया था। इसके लिए परिवहन विभाग ने दो वर्ष पूर्व एजेंसी भी तय किया था। एजेंसी ने अब तक निर्माण कार्य शुरू करने से यह ट्रैक ठंडे बस्ते में चला गया। इसके लिए विभाग ने राजस्व विभाग के साथ पहुंच कर स्थल का चयन किया गया था। वर्तमान में ट्रैक नहीं होने से आरटीओ कार्यालय के कर्मचारी वाहन चालकों का ड्राइविंग लायसेंस के लिए कम्प्यूटर में परीक्षा ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक में कैमरा, सेंसर युक्त निर्धारित मापदंडों एवं समय के बीच ड्राइविंग टेस्ट को पास करने पर ही चालकों का लाइसेंस बनना था। साथ ही गाड़ी के भीतर मोबाइल ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ सरगीपाल में ट्रैक निर्माण के लिए 2 वर्ष पूर्व एजेंसी तय पर नहीं हो सका कार्य



### मुख्यालय को भेजा पत्र

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने इस संबंध में बताया कि ड्राइविंग ट्रैक निर्माण के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा गया था। एजेंसी ने सरगीपाल में चयनित जमीन पर अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया।

तापमान

अधिकतम 38.1 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025



13 पालनार में नौका विहार का शुभारंभ




14 पद नहीं, संगठन के प्रति समर्पण तय करता है नेतृत्व



# स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी, बाइक एम्बुलेंस की ट्रॉली हटाकर कर रहे उपयोग

## बीजापुर में 2, सुकमा में 10 व नारायणपुर में 4 बाइक एम्बुलेंस मिली थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के लगभग 143 गांव ऐसे हैं जहां जाने के लिए सड़क नहीं है, ग्रामीणों को जाने के लिए पगडंडी का सहारा है। इसमें से अलामपल्ली, नागारम, बड़ेगंगुलवा, गोगुंडा, बेदरे, राजपेंटा, तालमेटला, दुलेड़, चिकपल्ली, डुब्बामारका, कंसारम, गंगरेल, भंडारचालका, मोसलमाडमू, गट्टापाड़, तोलेवर्ती, भीमपुरम, तिम्मापुरम, नुलकातोंग, कोसमपाड़, पोलमपल्ली, जिनीलंका, दुब्बापाड़, जबेली केसलपाड़, उसकावाया आदि हैं, जहां अब तक सड़क का निर्माण नहीं है। इसके लिए शासन की ओर से बीमार ग्रामीणों के उपचार के लिए 10 मोटर बाइक एम्बुलेंस दी गई पर इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य कर्मी बाइक एम्बुलेंस का ट्रॉली हटाकर वाहन का उपयोग कर रहें। बाइक एम्बुलेंस वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए कारगर साबित हुई है। इसकी सफलता को देखकर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए मोटर बाइक एम्बुलेंस की सेवाओं का विस्तार किया है। इसके लिए शासन ने बस्तर संभाग के सातों जिलों में से सिर्फ सुकमा जिले को 10, नारायणपुर जिले को 4 एवं बीजापुर जिले को 2 मोटर बाइक एम्बुलेंस दिया गया है। वहीं दूसरी ओर ⏭ शेष पेज 12 पर

### सीएमएचओ को दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि बस्तर संभाग के सातों जिलों के सीएमएचओ को निर्देश दिए कि महामारी की रोकथाम के लिए जिला, ब्लॉक, सेक्टर स्तर पर काम्बेट दल का गठन करें।



### संभाग के पहुंचविहीन 791 ग्राम

*बस्तर संभाग के बस्तर जिले में 51, कोंडागांव जिले में 14, नारायणपुर जिले में 212, कांकेर जिले में 161, दंतेवाड़ा जिले में 31, बीजापुर जिले में 179 एवं सुकमा जिले में 143 पहुंचविहीन गांव चिन्हित हैं। ऐसे गांवों में प्रत्येक वर्ष बारिश समय में सड़क नहीं होने से पहुंचना मुश्किल होता है। इसमें से लगभग 453 गांव समस्यामूलक बताए जा रहे हैं, जिसमें 13429 मितानिनों का उपयोग किया जाता है।*

## खबर संक्षेप

### नाटक दालिया का मंचन बस्तर आर्ट गैलरी में आज

**जगदलपुर।** कवि गुरु रवीन्द्रनाथ टैगारे की कहानी पर आधारित नाटक दालिया का मंचन कल 12 अप्रैल को बस्तर आर्ट गैलेरी में शाम 8 बजे से किया जाएगा। इस नाटक के लेखक हृषिकेश सुलभ हैं, वहीं निर्देशक जीएस मनमोहन हैं। नाटक दालिया के विभिन्न किरदारों में निर्मल सिंह राजपूत, गायत्री आचार्य, शिवप्रकाश सीजी, मनीष श्रीवास्तव, माही कश्यप, संतोष महंती, जी संभव, राम बघेल, प्रिंस व अंकित दुबे नजर आयेंगे। वहीं मंच परे प्रशांत दास, जी संध्या, जी अधिश्री, विश्वजीत भट्टाचार्य व विनेश की अहम भूमिका होगी।

### पीएम एप्रेंटिसशिप कैम्प होगा 15 को

**जगदलपुर।** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे से सायंकाल 5 बजे तक किया जाएगा। मेले में आईटीआई के समस्त व्यवसायों के उत्तीर्ण प्रशिक्षणाथियों का अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीयन व औद्योगिक प्रतिष्ठान का एस्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन संबधित भी किया जाएगा। इस अवसर पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों के संचालक एवं प्रबंधक को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है, ताकि अधिक से अधिक आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी रोजगार के अवसरों से लाभान्वित हो सके।

### उपभोक्ताओं के लिए मेला लगाया बीएसएनएल ने



**जगदलपुर।** बीएसएनएल माह अप्रैल को उपभोक्ता सेवा माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं से सीधे सम्पर्क एवं उपभोक्ताओं की शिकायत का त्वरित निदान, जैसे नेटवर्क की समस्या, बिलों में त्रुटि का निदान और साथ मे ही तुरंत नए 4 जी, 5 जी सिम तथा एफटीटीएच कनेक्शन आदि प्रदाय करना है। इसी तारतम्य में बस्तर द्वारा प्रधान महाप्रबंधक के निर्देश में जगदलपुर में सिटी कोतवाली के सामने, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं भानुप्रतापपुर में गुरूवार को बीएसएनएल मेगा मेला लगाया गया। मेला में नए सिम एफटीटीएच कनेक्शन दिए गए और उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया गया।

### ओड़िया नववर्ष उत्सव मनेगा पंचपथ चौक में 14 को

**जगदलपुर।** ओड़िया ब्राम्हण कल्याण संघ के तत्वावधान में 14 अप्रैल को भैरमदेव वार्ड के पंचपथ चौक में प्रातः 11.30 बजे पणा भोग एवं पणा वितरण किया जाएगा तथा शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उड़िया नववर्ष उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक किरण देव समेत चित्रकोट विधायक विनायक गोयल और महापौर संजय पाण्डे विशेष अतिथि के रूप में मौजूद होंगे।

### उत्कल समाज का चुनाव कल, दौ पैनल में मुकाबला

**जगदलपुर।** उत्कल समाज का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। चुनाव को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है। चुनाव में दो पैनल एवं उपाध्यक्ष पद पर एक स्वतंत्र उम्मीदवार के माध्यम से प्रत्याशी मैदान में है। उत्कल एकता पैनल उगता सूरज एवं सामाजिक विकास पैनल घड़ी छाप के चुनाव चिन्ह के साथ प्रत्याशी घर-घर प्रचार कर रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए राजेश दास एवं शशिकांत आचार्य के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं सचिव पद के लिए सुमित महापात्र एवं सोमेश मिश्रा मैदान में हैं। बाकी अन्य पदों के लिए दो उपाध्यक्ष कार्यालय सचिव सांस्कृतिक संगठन सचिव सहित कुल सात पदों पर चुनाव किए जाएंगे।

# माओवादियों की जहां लगती थी जन अदालत, वहां अब लगी समाधान पेटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार का आयोजन बीजापुर के अंदरूनी और संवेदनशील क्षेत्रों में भी आयोजित हो रही है। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित बीजापुर जिले को उन अंदरुनी इलाकों में भी आयोजित हो रही है जहां कभी माओवादियों के आतंक का खौफ रहता था। उनके द्वारा जन अदालत लगाकर निर्दोष लोगों को प्रताड़ति किया जाता था। उन क्षेत्रों में अब विष्णु ⏭ शेष पेज 12 पर



बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीण दे रहे हैं आवेदन



सुशासन तिहार में लिए जा रहे आवेदन

### अंदरुनी गांवों में दिखा असर

*जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा लोगों को सुशासन तिहार में शामिल होने तथा उनकी मागों तथा समस्याओं को निजात दिलाने व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर,कोण्डापल्ली, पामेड़, चुटवाही और गलगम, बीजापुर ब्लॉक के पालनार, कांवड़ गांव और मुतवेंडी सहित भैरमगढ़ ब्लॉक के गांव बांगोली, चिंगेर सहित बेचापाल जैसे जिले के चिन्हांकित कई अंदरुनी गांवों में सुशासन तिहार का असर देखने को मिल रहा है।*


### ग्रामीणों में दिख रहा उत्साह व उमंग

*मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सकारात्मक सोच और पहल से नियद नेल्लानार योजना के तहत इन गांवों को माओवाद के आतंक से मुक्त कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य बखूबी किया जा रहा है। कई दशकों से अंधेरे में डूबे इन गांवों के ग्रामीण आदिवासियों के लिए अब सुनहरे भविष्य का सूर्योदय होने से ग्रामीणों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है।*

# वाट्सअप सट्टा खिलाने के आरोप में एक गिरफ्तार

## 22300 रुपए नकद, 15 सट्टा पर्ची व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बोधघाट थाना पुलिस ने मोबाइल फोन में वाट्सअप के माध्यम से सट्टा खेलाने वाले युवक गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से नकदी रकम 22 हजार 300 रुपए, 15 नग सट्टा पर्ची तथा मोबाइल जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में मोबाइल फोन से व्हाट्सअप के माध्यम से सट्टा खेलाने वाले युवक को रंगे हाथ पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिला कि आकाश नगर निवासी गौरव तिवारी अपने घर के पास चर्च गली में मोबाइल फोन से व्हाट्सअप के माध्यम से सट्टा पट्टी लिखकर रुपए पैसों का दांव लगाकर सट्टा खेला रहा है। सूचना पर तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया। टीम द्वारा मौके में आरोपी गौरव तिवारी 40 वर्ष के कब्जे से एक 15 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 22 हजार 300 रूपए, मोबाइल फोन को आरोपी द्वारा घटना कारित करते पाए जाने से जब्त करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### कार्रवाई में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले निरीक्षक लीलाधर राठौर, उप निरीक्षक अरुण मरकाम, सहायक उप निरीक्षक दिनेश उसेंडी, सतीश श्रीवास्तव, गोदावरी सिन्हा, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, प्रकाश मनहर, सोनामनी मंडावी, पवन श्रीवास्तव, छगन डहरिया एवं आरक्षक होरी लाल आर्मो शामिल रहे।

# जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम हो रहा : विनायक

## तोकापाल मण्डल के ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



तोकापाल मण्डल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पखनारचा, रानसरगीपाल, टाहकापाल तथा छापर भानपुरी -2 में आज सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ शीघ्र एवं सरलता से प्राप्त हो, इस उद्देश्य से विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन फार्म भी मौके पर ही भरवाए गए। सुशासन तिहार जनसेवा, पारदर्शिता और सहभागिता की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो ग्रामीण जनता को सरकार की योजनाओं से सीधे जोड़ने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। उनके ⏭ शेष पेज 12 पर

# टेकरी वाले हनुमान मंदिर में जलेंगे जन्मोत्सव पर 11 हजार से अधिक दीप



**जगदलपुर।** टेकरी वाले हनुमान मंदिर में शनिवार से दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 12 अप्रैल को ब्रम्ह मुहूर्त में हनुमान का तीर्थ जल स्नान अभिषेक पूजन आरती होगा। तत्पश्चात 7:30 बजे हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बजरंग वंदना का पाठ करते हुए विधि विधान पूर्वक चोला अर्पण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 9 बजे से अखण्ड सुन्दर काण्ड का पाठ श्री टेकरीवाले हनुमान मंदिर रामायण मंडली तथा भक्तों द्वारा किया जाएगा जो अगले दिन रविवार को 11 बजे तक जारी रहेगा। पुजारी पंडित नारायण प्रसाद जोशी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन संध्याबेला में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा 11 हजार दीपक प्रज्जवल्लित कर हनुमान जी को अर्पण किया जाएगा। 13 अप्रैल दिन रविवार को सुन्दर काण्ड रामायण की समापन के पश्चात हवन आरती एवं महाभंडारा होगा।

# ओडिशा के चार वाहन चोर गिरफ्तार, 9 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहर के आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी के आरोपियों की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कुछ संदेहियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी की 9 मोटरसाइकिल बरामद की गईं। यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है, जिसमें पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है सभी आरोपी ओडिशा के हैं।

पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को प्रार्थी गणेश पंडवानी निवासी ग्राम झरनीगुडा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपनी मोटर साइकिल को लेकर चोकावाड़ा मेला में गया था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने इस दौरान चार संदिग्धों को पकड़ा, जिसमें राजेश भतरा उर्फ राजू, अजय हरिजन, दिवाकर उर्फ दिवा भतरा, दिलीप हरिजन शामिल है। विगत दो वर्षों से राजेश भतरा उर्फ राजू की लीडरशिप में गैंग बनाकर आसपास के बाजार, मेले में मोटरसाइकिल चोरी करते थे। पुलिस ने इन सभी आरोपी को गिरफ्तार कर नौ मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिसका बाजार मूल्य हजारों रुपए बताया जा रहा है। साथ ही मास्टर चाबी को जब्त किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया।

## स्कूल फीस जमा नहीं कर सकने पर बच्चों को निकाल लिया

# 5 माह से वेतन नहीं मिलने से श्रमिक परिवारों में भुखमरी की नौबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग सुकमा जिले के विद्युत कंपनी के उपकेन्द्र में कार्यरत विद्युत ठेका लगभग 35 श्रमिकों को 5 माह से नहीं मिला। क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता को भी जानकारी होने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहे है। वेतन नहीं मिलने के चलते श्रमिक के परिवार भूखे रहने की मजबूरी है। साथ ही अपने बच्चों को स्कूल की फीस नहीं दे पा रहे है, जिसके चलते पढाई बंद करा दी है।

- वेतन मांग को लेकर अधीक्षण अभियंता को दिए ज्ञापन

इसके चलते शुक्रवार को जगदलपुर पहुंचकर वेतन की मांग को लेकर विद्युत कंपनी के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया। राजेन्द्र बघेल, गुड्डू राम कश्यप, अनंत राम बघेल, महादेव मोर्य ने बताया कि सुकमा जिले के 33, 11 केव्ही उपकेन्द्र में कार्यरत विद्युत ठेका श्रमिक एफओसी को विगत 5 माह नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी, फरवरी, मार्च से वेतन अप्राप्त हैं। इससे पूर्व नारायणी कम्पनी को ठेका दिया गया था। विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट के उपरान्त कम्पनी द्वारा वेतन भुगतान किया जा रहा था। वर्तमान में कम्पनी द्वारा लम्बे समय से कार्यरत कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया है। इसके चलते समस्त कर्मचारियों कि आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण परिवारिक शैक्षिण कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। श्रम नियमानुसार माह सामाप्ति के 7 दिवस के अन्दर भुगतान करने का प्रावधान है। मेहनतकश कर्मचारियों को 5 माह से बिना वेतन के कार्य में लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है। पावर कम्पनी प्राथमिक नियोक्त होने के नाते विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता से तत्काल वेतन भुगतान करने की मांग की।



### डीई को दे रहे निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने बताया कि सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दे रहे हैं कि श्रमिकों को समय पर वेतन दिलाएं। नहीं दिलाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# संभाग का पहला स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक निर्माण गया ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग का पहला स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक आड़ावाल से लगभग 7 किमी दूर सरगीपाल में निर्माण कार्य तय किया गया था। इसके लिए परिवहन विभाग ने दो वर्ष पूर्व एजेंसी भी तय किया था। एजेंसी ने अब तक निर्माण कार्य शुरू करने से यह ट्रैक ठंडे बस्ते में चला गया। इसके लिए विभाग ने राजस्व विभाग के साथ पहुंच कर स्थल का चयन किया गया था। वर्तमान में ट्रैक नहीं होने से आरटीओ कार्यालय के कर्मचारी वाहन चालकों का ड्राइविंग लायसेंस के लिए कम्पयूटर में परीक्षा ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक में कैमरा, सेंसर युक्त निर्धारित मापदंडों एवं समय के बीच ड्राइविंग टेस्ट को पास करने पर ही चालकों का लाइसेंस बनना था। साथ ही गाड़ी के भीतर मोबाइल ⏭ शेष पेज 12 पर

- सरगीपाल में ट्रैक निर्माण के लिए 2 वर्ष पूर्व एजेंसी तय पर नहीं हो सका कार्य



### मुख्यालय को भेजा पत्र

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने इस संबंध में बताया कि ड्राइविंग ट्रैक निर्माण के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा गया था। एजेंसी ने सरगीपाल में चयनित जमीन पर अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार के अंतर्गत 203 आवेदन हुए प्राप्त



**गीदम।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है जो कि 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक आयोजित हो रहा है। जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत आम नागरिको से 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आवेदन लिया जाना है। सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। जिसके तहत नगर पंचायत गीदम में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह सुशासन तिहार-2025 प्रदेश में तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत गीदम में आज पर्यन्त तक कुल 203 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग 188 व 15 शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह अनिवार्य

**बीजापुर।** परिवहन आयुक्त कार्यालय नवा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर हाई सेक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह 19 मार्च 2024 तक अनिवार्यतः लगाने हेतु कार्यालयीन आदेश जारी किया गया था। उपरोक्त संदर्भित पत्र में हाई सेक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने हेतु समय में वृद्धि करते हुए 3 अप्रैल 2025 तक एचएसआरपी लगाने हेतु अतिरिक्त समय प्रदान किया गया था । उक्त दर्शित अतिरिक्त समयावधि के उपरांत बिना एचएसआरपी वाले वाहनों पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 39, 41, 192 केन्द्रीय मोटरयान नियम 50, 51 के तहत चालानी कार्यवाही की जावेगी।

## निधन

### चंद्रमणी तिवारी

**जगदलपुर।** सुभाष वार्ड निवासी चंद्रमणी तिवारी (82) का निधन शुक्रवार की रात 10 बजे गृह निवास में हुआ। लंबे समय से अस्वस्थ थी। शिव प्रसाद तिवारी, कैलाश, जगदीश की माता थी। वे अपने पीछे पोतों-नातियों से भरापूरा परिवार छोड़ गई। शुक्रवार सुबह अंतिम संस्कार खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिजन,उत्कल समाज के लोग सम्मलित हुए।



## अब दंतेवाड़ा में भी मिलेगा वाटर टूरिज्म का आनंद

# पालनार में नौका विहार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नकुलनार



राज्य शासन की मंशा और जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता से दंतेवाड़ा जिले को पर्यटन की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ग्राम पंचायत पालनार में नौका विहार (बोटिंग) का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी ने फीता काटकर और नाव को रवाना कर इस नवीन पर्यटन स्थल का उद्घाटन किया।

### स्थानीय लोगों में उत्साह, रोजगार की संभावनाएं

नौका विहार की शुरुआत से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। यह पहल केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रही है। नाव संचालन, पर्यटक गाइडिंग, स्थानीय व्यंजन स्टॉल, हस्तशिल्प बिक्री जैसी गतिविधियों से लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावनाएं बन रही हैं।

### पर्यटन से समग्र विकास संभव : नंदलाल

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी ने कहा पालनार में नौका विहार की शुरुआत केवल एक पर्यटन परियोजना नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमारा लक्ष्य है कि दंतेवाड़ा की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को देश और दुनिया के सामने लाया जाए। इससे क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी और युवाओं को स्वरोजगार के अनेक अवसर प्राप्त होंगे।

### बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

जिला प्रशासन की यह पहल दर्शाती है कि जब शासन और प्रशासन मिलकर स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हैं, तो उसका सीधा लाभ आम जनता को मिलता है। पालनार का नौका विहार दंतेवाड़ा जिले में पर्यटन आधारित विकास का नया मॉडल बनकर उभरा है।

इस परियोजना से न केवल पर्यटक आकर्षित होंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रशासन द्वारा भविष्य में इस क्षेत्र को एक समग्र पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की और भी योजनाएं लाई जाएंगी, जिससे दंतेवाड़ा जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार की संभावना है।

कार्यक्रम में कुआकोंडा जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, ग्राम पंचायत पालनार की सरपंच पवित्र मुड़ामी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदौरिया, उपसरपंच विघ्नेश सिंहा, हितवार राजीव चौहान, पूर्व उपसरपंच उदय चंद्र सिंहा समेत अनेक जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## जिला पंचायत को भाजपाइयों ने बनाया पार्टी कार्यालय : तुलिका






हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही भाजपाइयों ने सरकारी भवनों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। जिसका हालिया वाक्य फिर से देखने को मिला। जब युवा आयोग अध्यक्ष के प्रवास के दौरान भाजपाइयों ने युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में रख दिया। जिसमें शासन के प्रोटोकॉल को दरकिनार कर भाजपा पार्टी के प्रोटोकॉल निभाया जा रहा है और शासकीय कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष के तस्वीर का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इस पूरे मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि यह हमेशा से ही भाजपाइयों की आदत रही है सरकारी संसाधनों का उपयोग करने की, कभी भाजपाई ईडी-सीबीआई का उपयोग करते है तो कभी जनता के पैसों से बने सरकारी भवनों का । तुलिका ने कहा कि अगर युवा संवाद शासकीय कार्यक्रम था तो फ्लेक्स होर्डिंग्स में भाजपा जिलाध्यक्ष की फ़ोटो नही लगनी चाहिए थी और अगर भाजपा जिलाध्यक्ष की फोटो लगी है तो यह कार्यक्रम पार्टी कार्यालय में होनी चाहिए थी। पूर्व में इसी तरह से पार्षदों के शपथग्रहण समारोह में भी यही कृत किया गया था। जिस वक्त पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह जो कि शासकीय आयोजन है उसमें भी भाजपा जिलाध्यक्ष की तस्वीर लगी थी जिसका विरोध किरन्दुल नगर पालिका में कांग्रेसी एवं सीपीआई के पार्षदों ने विरोध दर्ज करवाया था।

तुलिका कर्मा ने अपने इस वक्तव्य में साफ शब्दों में भाजपाईयों को दो टूक जवाब दिया है कि सत्ता में रह कर इस तरह से शासकीय संसाधनों का उपयोग पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए न करे। इसमें तुलिका ने जिला पंचायत सीईओ को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा के एजेंट के रूप में काम करना बंद कर दे और भाजपा पार्टी के कार्यक्रमों का इस तरह से जिला पंचायत भवन में हो रहे आयोजनों का विरोध करे।

## पानी की समस्या से जूझते ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नकुलनार



कुआकोंडा ब्लाक के ग्राम पंचायत हितावार के गप्पीपारा में लंबे समय से चल रही पेयजल संकट की समस्या ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी के साथ युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदौरिया और ग्राम पंचायत हितावार के उप सरपंच राजीव चौहान भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का प्राकृतिक जलस्त्रोत कुआ बहुत दिनों से उपेक्षित है, जिसमें पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही हैं।

नंदलाल मुंडामी ने अधिकारियों से चर्चा कर न केवल कुआ की मरम्मत कराने की बात कही, बल्कि बोर खुदाई कराकर स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि "ग्रामीणों को पीने योग्य स्वच्छ जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। सुमित भदोरिया ने भी आश्वासन दिया कि युवा मोर्चा और प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग किया जाएगा। उप सरपंच राजीव चौहान ने पंचायत की ओर से भी पूरा सहयोग देने की बात कही।

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की इस तत्परता और जिम्मेदारी के लिए आभार जताया और उम्मीद जताई कि जल्द ही पेयजल संकट का समाधान होगा। यह पहल हितवार गप्पीपारा के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

## श्रीराम जन्मोत्सव समिति गीदम ने प्रशासन व सहयोगियों का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



श्रीराम जन्मोत्सव समिति गीदम द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी का आयोजन पूरी श्रद्धा, भक्ति एवं भव्यता के साथ किया गया। पूरा नगर राममय हो गया, चारों ओर जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिला।

रामनवमी के आयोजन में उमड़े भक्तों के जन सैलाब को संभालने, ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध करवाने दमकल व अन्य सभी व्यवस्था प्रदान करने के लिए समिति ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में प्रशासनिक सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों मे राजेश गुप्ता अध्यक्ष श्रीराम जन्म उत्सव समिति गीदम, राकेश कुमार मिश्रा सचिव श्रीराम जन्म उत्सव समिति गीदम, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम एवं सुजीत सिंह अध्यक्ष व्यापारी संघ गीदम द्वारा नगर पंचायत गीदम के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी एवं समस्त स्टाफ, थाना गीदम के थाना प्रभारी एवं उनकी टीम, स्वास्थ्य विभाग गीदम बीएमओ एवं समस्त स्वास्थ्य अमला से व्यक्तिगत भेंट कर आभार प्रकट किया गया। विशेष रूप से किरंदुल नगर पालिका का आभार रहा है जिन्होंने समिति कों दमकल गाड़ी उपलब्ध कराई जिस कारण अतिश बाजी बिना भय के भव्य रूप से करवा पाने में सफल रहे। समिति ने कहा कि प्रशासन एवं स्थानीय संस्थाओं के सहयोग के बिना ऐसा भव्य आयोजन संभव नहीं हो सकता था।

## जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल सहित विभिन्न सहायक उपकरण किए वितरित

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बामनपुर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कुड़ेम, उपाध्यक्ष नीलम गणपत एवं उपस्थित नजप्रतिनिधियों के द्वारा चिन्हांकित दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं बैटरी चलित ट्रायसायकल सहित विभिन्न सहायक उपकरण आवश्यकतानुसार वितरण किया गया जिसमें 33 दिव्यांगजन प्रमाण पत्र से लाभान्वित हुए वहीं 27 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। ट्रायसायकल पाकर दिव्यांगजन युवाओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ट्रायसायकल मिला जिसमें अब आवागमन में सुविधा होगी, दैनिक कार्यो में सुगमता आएगी। दिव्यांगजनों को सहानुभूतिपूर्वक सहायक उपकरण प्रदान कर समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के इस पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किए। वहीं शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आधार, आयुष्मान, पेंशन योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवाय योजना सहित विभिन्न विभागों के विभागीय अमला उपस्थित थे।

## सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन...



**लोहंडीगुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस लोहण्डीगुड़ा में संचालित स्काउट एवं गाइड द्वारा जनपद कार्यालय लोहण्डीगुड़ा के सामने सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के युवा सरपंच मधुसूदन बघेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनेश्वर पांडे, प्राचार्य हेमराव खापडै, स्काउट गाइड प्रभारी राहुल सिंह ठाकुर ,शिक्षक धनेन्द्र कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

# छोटे देवड़ा के गरीबों को मिलेगा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बकावंड



हर व्यक्ति को आशियाना उपलब्ध कराने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का असर बकावंड ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में दिखने लगा है। छोटे देवड़ा के सरपंच संतोष कुमार कश्यप ने इस दिशा में अनुकरणीय काम शुरू किया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा के कई पात्र एवं गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। नतीजतन ये परिवार आज भी टूटी फूटी झोपड़ियों या खपरैल वाले छोटे-छोटे कच्चे मकानों में गुजारा करने मजबूर हैं। आलम ये है कि गरीबी के कारण ये लोग झोपड़ियों और घरों की मरम्मत तक नहीं करा पाते। बारिश के दिनों में इन्हें भारी कष्टों के बीच समय गुजारना पड़ता है। नव निर्वाचित सरपंच संतोष कुमार कश्यप ने इन दीन दुखियारों की सुध ली है।

सरपंच ने गांव के हर गरीब और पात्र परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध कराने के दृढ़ संकल्प के साथ काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए छोटे देवड़ा पंचायत में नए सिरे से सर्वे कराया जा रहा है। गांव के जिस किसी पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है उसको आवास दिलाने के लिए सर्वे किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रत्येक गरीब वंचित परिवार को लाभ मिलेगा।

### क्या कहते हैं पंच परमेश्वर

इस संबंध में छोटे देवड़ा के सरपंच संतोष कुमार कश्यप, पंच किशन गोयल, बलराम गोयल, सोनू कश्यप, विषम, राजाराम का कहना है कि पंचायत के सभी पात्र परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार की हर लोक कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने हम संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप गांव के हर बेघरबार परिवार को पक्की छत मुहैया कराने कटिबद्ध हैं और हमने इस दिशा में जमीनी तौर पर काम भी शुरू कर दिया है। सरपंच संतोष कुमार कश्यप और पंचों की इस शानदार पहल की प्रशंसा की जा रही है।

### नाम परिवर्तन

मैं Enti Varlaxmi Rao, W/o Enti Arjun Rao निवासी लालबाग, जगदलपुर, जिला बस्तर, (छ.ग.) यह घोषणा करती हूं कि Varlaxmi Enti और Enti Varlaxmi Rao दोनों नाम एक ही हैं।

मैं यह घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम Varlaxmi Enti से बदल कर Enti Varlaxmi Rao कर लिया है।

मैं अनुरोध करती हूं कि अब से मुझे सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में Enti Varlaxmi Rao के नाम से पहचाना जाए।

**Enti Varlaxmi Rao**
निवासी लालबाग, जगदलपुर
जिला बस्तर, (छ.ग.)

# समाधान शिविर का विधायक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



गीदम नगर पंचायत में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर का निरीक्षण विधायक चैतराम अटामी, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, माधुरी गुप्ता नगर पंचायत उपाध्यक्ष, अवधेश गुप्ता एवं सूरज सिंह ठाकुर, पार्षद द्वारा किया गया।

जिसमें वार्ड क्रमांक 8, 09, 10 तथा 14 एवं नगर पंचायत गीदम के लोगों के द्वारा आयोजित शिविर के माध्यम से अपनी समस्या को आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस शिविर में मुख्य रूप से राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम कार्ड, नाली, रोड़, आधार कार्ड, महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन किया गया। विधायक द्वारा समस्त जनों को अवगत कराया गया कि समाधान शिविर के माध्यम से आपकी सारी समस्या को सुना जाएगा और पूरा भी किया जाएगा। हमारी सरकार नागरिकों के आवाज को सुनने वाली सरकार हैं। मुख्यमंत्री की दूर दृष्टा के कारण ही आज हर नागरिक अपनी समस्या को सीधे सरकार तक पहुंचाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। समाधान शिविर के माध्यम से जनता का सीधा सरकार से संवाद हो रहा हैं।

शिविर के माध्यम से आम जन अपनी समस्या को आसानी से हम तक पहुंचा रहे हैं। सभी अधिकारियों के साथ मिलकर हर समस्या का समाधान निकाला जाएगा। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हुलसी प्रधान एवं नगर पंचायत गीदम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
- कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
- 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
- लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम

धान की कटाई-मिंजाई के लिए
100% Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स
सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
- आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया
- लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- चश्मा
- नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जनचौपाल लगाकर ग्रामीण से किया संवाद



**जगदलपुर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लोहंडीगुड़ा मंगतू कश्यप पोलिंग बूथ मारडूम व बदरेंगा में जन चौपाल लगाकर कार्यक्रताओं एवं ग्रामीणों के साथ चर्चा की। केंद्र सरकार व राज्य सरकार के योजना की जानकारी लिए व जनता से रूबरू हुए। सरकार के विभिन्न योजनाएं का कैसे लाभ लें व हर घर परिवार तक सरकार की योजना कैसे पहुंचे इस विषय पर पोलिंग बूथ समिति के साथ बैठक कर जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल थे मंडल उपाध्यक्ष धनीराम बघेल, शक्ति केंद्र प्रभारी मोतीलाल कश्यप, लिबरू कश्यप, देउराम कश्यप, रिंगों करठाम डमरू कश्यप, राजूराम बघेल, सुखचंद बघेल उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार में आवेदन का होगा समाधान



**जगदलपुर।** भाजपा के गांव चलों अभियान के तहत लोहण्डीगुड़ा जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप ग्राम पंचायत उसरीबेड़ा में ग्रामीण की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में लिया हुआ आवेदन का समाधान जल्द होगा। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, बाल सिंह ठाकुर, बलिराम बघेल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जगदानंद, लखन ठाकुर, विजय गुप्ता, शिवनंदन, ग्राम पंचायत के पंच एवं सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

### सुशासन तिहार में दी गई योजनाओं की जानकारी



**जगदलपुर।** दरभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज डिलमिली, टेमरुभाटा, कटेनार, गुमड़पाल, बीसपुर, चन्द्रगीरी, मामड़पाल तथा मुनगा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। सुशासन तिहार के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई और विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों के फार्म भी मौके पर भरवाए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना एवं प्रशासन में पारदर्शिता व सहभागिता को बढ़ावा देना है। सुशासन तिहार जनसेवा, पारदर्शिता और सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद ने किया मार्गदर्शन

# पद नहीं, संगठन के प्रति समर्पण तय करता है नेतृत्व

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर**

भारतीय जनता पार्टी का जगदलपुर विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता का सम्मेलन भव्य आयोजन शुक्रवार को स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में संपन्न हुआ।

- **संगठन की शक्ति से भाजपा बनी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी : महेश**

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण देव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। हर सक्रिय सदस्य पदाधिकारी बने, यह आवश्यक नहीं, बल्कि दक्षता और कुशलता के आधार पर ही जिम्मेदारी तय की जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, तो यह हमारी कार्यशैली, बैठकें, सम्मेलन और नीतियों सहित परस्पर संवाद की ही देन है।

उन्होंने कहा कि कभी हर चुनाव में कांग्रेस विजय पाती थी, आज भाजपा का परचम देश के कोने-कोने में लहरा रहा है। इसका श्रेय आप जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। आप सभी सक्रिय कार्यकर्ता ही भविष्य के सांसद, विधायक एवं मंत्री बन सकते हैं, परंतु इसके लिए कठिन परिश्रम और संगठन के कसौटी पर खरा उतरना जरूरी है। नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा ने 91 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रों में जीत दर्ज की है, जो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है। 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जनता तक पहुंचायें। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता शिवनारायण पाण्डेय, विद्याशरण तिवारी, कमल चंद्र भंजदेव, महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, गोदावरी साहू, श्रीधर ओझा, अश्विनी सरडे, रजनीश पाणिग्राही, आलोक अवस्थी, पदलाम नाग मौजूद रहे।



### कार्यकर्ता नम्रता बनाए रखें

किरण देव ने कार्यकर्ताओं से नम्रता बनाए रखने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा सरकार बनने के बाद विनम्रता बढ़नी चाहिए। हिमालय की चोटी पर पहुँचने के बाद आगे सिर्फ वायुमंडल है, इसलिए सत्ता में रहते हुए भी अहंकार नहीं आना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भाजपा की आगामी योजनाओं एवं अभियानों की जानकारी देते हुए कहा कि बूथ एवं शक्ति केन्द्र स्तर पर मजबूती से कार्यक्रमों को आयोजित किया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय जनाता पार्टी को और मजबूती देने के लिये कार्यकर्ताओं को स्वयं को ग्रामीण परिवेश के अनुसार ढालना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं।

### कार्यकर्ता संगठन का अभिन्न अंग

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन का अभिन्न अंग है। संगठन की शक्ति के कारण ही भाजपा का नाम आज विश्व में गर्व से लिया जाता है। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय को सम्मान मिला है। दस राज्यों में जनजातीय संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का गठन एक ऐतिहासिक निर्णय था, जिसने बस्तर और अन्य पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। सांसद ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे ध्येय पुरुषों के विचारों को आत्मसात करें और संगठन सूत्र का पालन करते हुए पार्टी को मजबूत बनाएं।

### अपने घरों में पार्टी ध्वज लगाएं

पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने घर पर पार्टी का ध्वज लगाना चाहिए। इससे कार्यकर्ताओं में अपनत्व की भावना का विकास होगा और प्रवास के दौरान संगठन का बंधन और मजबूत होगा।

### प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़

भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि आप सभी हमारे सक्रिय और कर्णधार कार्यकर्ता है। प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में आप सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जो भी दिशा-निर्देश पार्टी की ओर से दिए जाएं, उन्हें मंडल स्तर पर सुचारू रूप से लागू करें।

# 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर महासभा में हुए लामबंद

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर**

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम के निर्देशन में प्रदेश के सभी जिलों में महात्मा

- **महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर निकाली बाइक रैली**


ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाया जा रहा है। साथ ही 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर जिला के जगदलपुर में ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर समाज में सकारात्मक वातावरण के निर्माण के लिए बाइक रैली निकालकर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को शीघ्र लागू करने के लिए बाइक रैली निकाल कर ज्ञापन सौपा गया।



जिसमें ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम एवं बस्तर संभागीध्यक्ष दिनेश यदु की गरिमामय उपस्थिति रही। ज्योतिबा राव फुले सावित्रीबाई फुले की तैल्य चित्र एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण धूप अगरबत्ती से पूजन अर्चना में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शहर में बाइक रैली नयामुंडा से कलेक्ट्रेट कार्यालय में ओबीसी महासभा द्वारा महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। तत्पश्चात कोर्ट होते हुए गुरु गोविंदसिंह चौक से संजय मार्केट संजय मार्केट से मिताली चौक मिताली चौक से स्टेट बैंक चौक, झंकार टॉकीज से लालबाग में समापन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वचन किया गया तथा भंते द्वारा पंचशील के सिद्धांतों का प्रबोधन किया। बहुजन समाज के उपस्थित सदस्य के द्वारा बारी-बारी से महात्मा ज्योतिबा राव फुले के तैल्य चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। देश की संघीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदाय को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को समानता के अवसर उपलब्ध कराते हुए समुचित विकास एवं उत्थान की व्यवस्था किया गया है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव भुवनेश्वर देवांगन, संभाग प्रभारी बलराम यादव, संभाग उपाध्यक्ष तुलसीराम ठाकुर, संभाग महासचिव हरीश साहू, शहर जिला अध्यक्ष रघुवंश यादव, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मुन्ना यादव, संभाग उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हरीश पारख, विक्रम लहरे, सतीश वानखेडे, गौरनाथ नाग, सुरेंद्र सोनी, प्रेमलाल सोनी एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक समुदाय के समाज प्रमुख ने भाग लिया।

### नगरनार मेला में रथ पर सवार महाराजा...





**नगरनार।** नगरनार के वार्षिक मड़ई में बस्तर महाराजा कमल चंद्र भंजदेव रथ में सवार होकर पूरे बाजार स्थल की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, जनपद सदस्य अर्जुन सेठिया, देवकी कश्यप, सरपंच उमाकांतो बघेल भी शामिल हुए। मेला समिति के अध्यक्ष रैनू बघेल और उपाध्यक्ष जलंधर नाग ने बताया कि परपंरा अनुसार माता भंडारिन की पूजा-अर्चना की गई।

# विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नगरनार मंडल के बीजापुट एवं नगरनार के वार्षिक मेला (मंडई ) में शामिल हुए।

विधानसभा क्षेत्र के नगरनार मंडल के बीजापुट में कोदई माता मंदिर की पूजा एवं नगरनार के वार्षिक मेला (मंडई ) में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव पहुंचे। उपनपाल के बीजापुट में कोदई माता मंदिर पहुंच विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। क्षेत्रीय विधायक के बीजापुट पहुंचने पर क्षेत्र की जनता ने आतिशबाजी व पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। वहीं बीजापुट में देवतुल्य जनता से विधायक ने भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं व बातों को सुनकर उसका समाधान किया।

ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष कोदई माता मंदिर के विकास,सड़क एवं गांव के विकास के संबंध में मांग रखी। जिस पर विधायक देव ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए गांव के विकास के सभी कार्यो को जल्द पूरा करने की बात कही। कोदई माता मंदिर का भी विकास होगा। सभी गांवों का चौमुखी विकास होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार विकास होगा। जिससे ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### नगरनार मेला में हुए शामिल

उसके पश्चात प्रतिवर्ष नगरनार में वार्षिक मेला का आयोजन होता है जिसमें क्षेत्रीय विधायक किरण देव के पहुंच माता मंदिर पहुंच पूजा अर्चना करते सभी के सुख समृद्धि की माता से कामना किया। वहीं नगरनार ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायकका बस्तर के पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने स्वागत किया। नगरनार के वार्षिक मेला में विधायक ने कहा कि नगरनार के ऐतिहासिक वार्षिक मेला में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। वहीं आज आयोजित वार्षिक मेला का अपना ऐतिहासिक महत्व है । हमारी बस्तर की पहचान संस्कृति,मेला, मंडई से है। हम आज भी पारंपरिक तरीके से मेला बनाते है,जिसका अपना महत्व है। मेला में आयें सभी क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व विधायक डा सुभाऊ कश्यप, विजित देव ,सरपंच वासुदेव,पूर्व सरपंच त्रिपती नागेश ,हरि साहू,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया,गंगाधर पुजारी,कमलेश बधेल,मोहन नाईक, राजेश शर्मा,राधे पन्द्रे,रूपेश समरथ समेत जनमानस उपस्थित थे।

# कमिश्नर ने डोडरापाल में आवेदन पत्र प्राप्ति का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर**

राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के प्रथम चरण के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आवेदन पत्र प्राप्त किया जा रहा है जिसमें अपनी समस्या-शिकायत निराकरण के प्रति विशेषकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने शुक्रवार को कोंडागांव जिले के अंतर्गत केशकाल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डोडरापाल में ग्रामीणों से आवेदन पत्र प्राप्ति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आवेदन पत्र प्राप्ति स्थल पर ड्यूटीरत कर्मचारियों से सभी आवेदन पत्रों का पंजी में आवश्यक प्रविष्टि करवाने के उपरांत पावती देने कहा। साथ ही समस्या एवं मांग के आधार पर



सम्बन्धित विभागों के अनुक्रम में प्रविष्टी कर उक्त विभागों को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए, वहीं ग्रामीणों को जरूरत के अनुरूप आवेदन पत्र लिखने के लिए सहायता करने के भी निर्देश दिए। कमिश्नर ने इस दौरान सुशासन तिहार में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों और अन्य लोगों को प्रोत्साहित किया। कमिश्नर ने सुशासन तिहार के तहत आवेदन पत्र प्राप्ति स्थलों पर आम लोगों के बैठने की व्यवस्था करने सहित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं आम जनता को सुशासन तिहार के बारे में अवगत कराने के लिए मैदानी अमले के जरिए प्रचार-प्रसार किए जाने कहा, साथ ही कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाने के निर्देश दिए।

### हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ व बाइक रैली का आयोजन

**जगदलपुर।** सनातन क्षेत्रीय मंच सक्षम हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को सुंदरकांड पाठ व बाइक रैली का आयोजन करेगा। सक्षम अध्यक्ष कुणाल चालीसगांवकर ने बताया कि शहर के पॉवर हाउस चौक स्थित पुराने श्रीबालाजी मंदिर में शनिवार की शाम 4 बजे से सक्षम सुंदरकांड का पाठ अनुष्ठान करेगा। इसके साथ ही शाम 4 बजे से माईं दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से बाइक रैली की शुरूआत होगी। बाइक रैली माईं दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से शुरू होकर टेकरी वाले हनुमान मंदिर से संजय मार्केट हनुमान मंदिर चौक होते हुए धरमपुरा नंबर 1, दलपत सागर हनुमान मंदिर, पीजी कॉलेज मैदान से धरमपुरा रोड होते हुए तेतरकुटी, गीदम रोड, टैक्सी स्टैंड, नया बस स्टैंड रोड, बोधघाट चौक हनुमान मंदिर, बोधघाट पुलिस थाना तिराहा, तिरंगा चौक, चांदनी चौक, शहीद पार्क चौक, कुम्हारपारा चौक से यूटर्न लेकर एसपी ऑफिस रोड, श्रीराम चौक, गोलबाजार चौक होते हुए माईं दंतेश्वरी मंदिर के सामने स्थित हनुमान मंदिर में बाइक रैली का समापन होगा। इसके बाद सुंदरकांड पाठ के समापन बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

हनुमान जनमोत्स्व पर प्रवीर वार्ड पनारापारा स्थित लक्ष्मीणारायन मंदिर में सुंदरकांड पाठ का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। गोवर्धन मठ पूरी के पीठाधीश्वर पूर्वामान्य श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती की सेना पीठ परिषद आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के कर्मकर्ताओ के पहल पर हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ पश्चात आरती व अन्न भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आदित्यवाहनी के सम्भाग अध्यक्ष अनिल सामंत ने बताया यह धार्मिक आयोजन 12 अप्रेल शनिवार की गोधलीबेला शाम 5 बजे से किया जाएगा।

# बस्तर की संस्कृति की वैज्ञानिकता को समझने की आवश्यकता : विवसवान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर**

शुक्रवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विचार संगोष्ठी कार्यक्रम भारतीय विज्ञान परंपरा पर एकदिवसीय विचार गोष्ठी का

- **विश्वविद्यालय के विचार संघोष्टि में विज्ञान भारती के संगठन मंत्री में पहुंचे**

आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विवासवान संगठन मंत्री विज्ञान भारती,कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ राजेश लालवानी कुलसचिव शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर विशिष्ट अतिथि वारा प्रसाद कोला संगठन सदस्य विज्ञान भारती



कार्यक्रम के समन्वयक डॉ सजीवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के द्वारा शुभारंभ किया। विवासवान संगठन मंत्री विज्ञान भारती ने कहा कि बस्तर की संस्कृति की वैज्ञानिकता को लोगो द्वारा समझने के लिए प्रयास करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने पर जोर दिया। इस क्रम में उन्होंने बस्तर में उपलब्ध मेडिसिनल प्लांट्स और सब्जियों की वैज्ञानिकता को समझने पर जोर दिया और इनसे सम्बंधित अलग अलग विषयों की सूची बनाकर डाटा एकत्र करने की बात कही। ताकि इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाया जा सके। डॉ सजीवन कुमार ने बस्तर की खान पान रहन सहन की संस्कृति पर बात करते हुए जापान देश के लोगो की खान पान की शैली ट्रायगल कांसेप्ट की महत्ता को समझाया ताकि हम इससे सीख लेकर स्वस्थ दीर्घायु जीवन जी सके। वारा प्रसाद कोला विशिष्ट अतिथि ने कहा कि शमक विश्वविद्यालय बस्तर के लिए एक शोध केंद्र के रूप में स्थापित होगा जिसमें विभिन्न जानकारियां मिल सकती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने किया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ सजीवन कुमार के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर शाहिद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष व प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411